

श्रेयस अय्यर

क्राइस्टचर्च में दूसरा टी-20 आज

भाज

गौरवशाली पत्रकारिता का १०७ वर्ष



यामी गौतम

एक्टिंग पर भारी पड़ी कमजोर स्क्रिप्ट

पटना, शनिवार, २४ अक्तूबर, २०२६ सौर ६ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण ९६ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

शिक्षक सीटों पर बंपर वोटिंग स्नातक में ठंडा रहा उत्साह

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 74.55% और स्नातक में 43.87% मतदान

सारण शिक्षक में सर्वाधिक 87.16%, कोसी स्नातक में 52.51% वोटिंग

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक चुनाव में मतदान के रुझान ने दोनों श्रेणियों के बीच स्पष्ट अंतर दिखाया। शुक्रवार को शाम चार बजे तक प्राप्त अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 74.55 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में यह आंकड़ा 43.87 प्रतिशत रहा। शिक्षक सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी अपेक्षाकृत अधिक रही, वहीं स्नातक सीटों पर मतदान का प्रतिशत कम दर्ज किया गया। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में सारण 87.16 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे आगे रहा। दूसरी ओर, स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कोसी ने 52.51 प्रतिशत मतदान के साथ बढ़त बनाई। हालांकि, पटना दोनों श्रेणियों में पीछे रहा। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में



56.89 प्रतिशत और पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 36.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सारण में मतदाताओं की सबसे अधिक भागीदारी दर्ज की गई। यहां 87.16 प्रतिशत

(शेष पृष्ठ ९ पर)

विधान पार्षद चुनाव में छिटपुट घटनाएं हुई

पटना (आससे)। विधान परिषद के रिक्त स्नातक क्षेत्र के चार क्षेत्र और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चार सीट यानि कुल आठ सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान संपन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना स्नातक, तिरहुत स्नातक, दरभंगा स्नातक क्षेत्र तथा कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में तथा पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, तिरहुत

(शेष पृष्ठ ९ पर)

एक वर्ष में 1.21 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले : श्रेयसी

कल सीएम सम्राट चौधरी डोभी में करेंगे पोर्टल का शुभारंभ



(आज समाचार सेवा)

पटना। उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष में १.२१ लाख करोड़ के निवेश से संबंधित १०९१ प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे ६८ हजार ८०७ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने जा रहा है। मंत्री शुक्रवार को सूचना भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

मंत्री ने कहा कि पात्र निवेशकों को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज के तहत मुफ्त भूमि भी दी जा रही है। राज्य में निवेश बढ़ाने के लिये सरकार निवेशक अनुकूल नीतियों बुनियादी ढांचे के विस्तार, भूमि की उपलब्धता, एमएसएमई को मजबूत करने और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दे रही है।

मंत्री ने बताया कि बिहार के विभिन्न हिस्सों में उद्योग के लिए १४६०० एकड़ से अधिक मई औद्योगिक भूमि उपलब्ध कराने का काम चल रहा है। भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए २५ जिलों से २८ जगहों पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। बियाडा ने वित्तीय वर्ष २०२५-२६ से अब तक ५२१ इकाइयों को ७२७ एकड़ भूमि आवंटित की है। इससे १८ हजार ३८० करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव आयेगा। ४९१६९ नये रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य में ९४ औद्योगिक क्षेत्रों का नेटवर्क विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी २४ अक्तूबर को

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यूएन में भारत ने पाक को फिर धोया

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने आतंकवाद को समर्थन देने और धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर पाकिस्तान को जमकर घेरा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के प्रवासियों के मानवाधिकारों पर विशेष प्रतिवेदक की रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। भारत की ओर से प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने रिपोर्ट की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें कोविड-19 महामारी के दौरान हुई गलत प्रथाओं के लिए केवल ग्लोबल साउथ के देशों को जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि विकसित देशों में हुई ऐसी ही घटनाओं को नजरअंदाज किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन के दौरान भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान में आतंकवादियों की गतिविधियों और उनके अंतिम संस्कार को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी केवल निर्दोष लोगों की जान नहीं लेते, बल्कि पूरे देश की मानसिकता और मनोबल को भी नुकसान पहुंचाते हैं।



उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के अधिकारों की पैरवी करते समय उन पीड़ितों के अधिकारों को भी ध्यान में रखना चाहिए, जिनकी जिंदगी आतंकवादी हमलों में छिन जाती है। मंगलानंदन ने संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुरूप कानूनी सीमाएं निर्धारित करने की बात भी कही।

भारतीय राजनयिक ने 1999 के कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को उसके सैनिकों के शव स्वीकार नहीं करने के मामले की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जो देश अपने मारे गए सैनिकों के शव स्वीकार करने से पीछे हट गया था, वही आज धार्मिक आस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अंतिम संस्कार के अधिकारों पर उपदेश दे रहा है। भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी सैनिकों को सैन्य सम्मान के साथ और

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएम मोदी ने चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का किया उद्घाटन



नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद से मुलाकात के बाद लोगों ने मुझे गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया। तब से लेकर पिछले 25 वर्षों तक, मैंने सरकार के मुखिया के तौर पर अपनी पूरी क्षमता से देश की सेवा की है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक के जरिए मेरे दिल की भावनाएं और भी जीवंत हो उठीं। पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद को इस रूप में देखना और उनके होलोग्राम के साथ बातचीत करने का अवसर मिलना, ऐसा लगा मानो मैं 33 साल पीछे समय में चला गया हूं। 1993 में वडोदरा में गुरुदेव के साथ मेरी मुलाकात, हमारी बातचीत, उनका स्नेह और उनका आशीर्वाद सब कुछ मेरी आंखों के सामने बिल्कुल साफ तौर पर आ गया। एक पल के लिए मुझे ऐसा लगा मानो मैं फिर से उनके साक्षात सानिध्य में

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार केसरी की जयंती समारोह में आयेंगे खरगे

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार केसरी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती 25 अक्तूबर को आयोजित होगा। कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे मुख्य अतिथि होंगे। बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य डा. अखिलेश प्रसाद सिंह व प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। नेताद्वय ने कहा कि डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयन्ती समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के शामिल होने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्रीबाबू ने जमींदारी उन्मूलन, सामाजिक न्याय और औद्योगिक क्रांति के जरिये आधुनिक बिहार की नींव रखी। वही पूर्व अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्री बाबू ने देवघर मंदिर का दरवाजा दलितों के लिए खोलकर सामाजिक न्याय की ऐसी क्रांति पैदा की जिसने समतामूलक समाज के निर्माण का रास्ता खोल दिया। डा. सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं 20 से अधिक जिलों को दौरा कर लोगों को समारोह में आने का न्यौता दिया है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी के चेयरमैन अजय कुमार पासवान, मीडिया संयोजक असितनाथ तिवारी, ब्रजेश पांडेय, बरकत खान, शरबतजहां, निधि समेति कई बड़े नेता मौजूद थे।



खरगे ने मोदी सरकार से पूछे तीन सवाल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार की सीमा और विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजिंग को पहले ही काफी क्लीन चिट दी जा चुकी हैं और अब प्रधानमंत्री को भारत के सामने सच साफ-साफ रखना चाहिए।

एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में, कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता और राजनयिक जवाबदेही से जुड़े तीन अहम सवाल पूछे हैं। सीमा सुरक्षा

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सात करोड़ से अधिक के नकली सिक्के बाजार में उतारने वाले गिरोह का खुलासा

गिरोह का सदस्य राजनगर से गिरफ्तार

राजनगर (मधुबनी) (आससे)। पहले पंजाब फिर उत्तर प्रदेश में नकली सिक्के ढालने का कारखाने का उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा खुलासा किया गया। इस गिरोह के एक सदस्य को राजनगर के लड्डूगांव से गिरफ्तार किया गया है. गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने पहुंचे उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा बताया गया कि सहारनपुर कोतवाली थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि यहाँ नकली सिक्के बनाने का कारोबार किया जा रहा है .पुलिस दल द्वारा निरीक्षण में सहारनपुर के गंगोह कस्बे के पास एक खंडहर में नकली सिक्के ढालने का कारखाना पकड़ा गया. साथ ही मौके से एक सदस्य उपकार लुथड़ा उर्फ अभय प्रताप सिंह जिरखपुर मोहाली पंजाब निबासी को गिरफ्तार किया गया. उसी के द्वारा खुलासा किया गया कि हमारे इस नकली सिक्के के कारोबार में मेरे अलावे हिमांशु उर्फ गुल्लू तीतरो सहारनपुर , कुलदीप सदर बाजार सहारनपुर, स्वीकार लुथड़ा, अनुराग पाल उर्फ लंकेश भदोही संत

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

चुनाव मुख्यालय की ओर मार्च की कोशिश, कई प्रदर्शनकारी डिटेन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को डिटेन किया है. यह सभी एसआईआर को लेकर दिल्ली चुनाव आयोग के हेडक्वार्टर की ओर बढ़ रहे थे. यहां प्रशासन ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी थी.

इस प्रदर्शन पीपल अगेंस्ट के दिल्ली समन्वय समिति की तरफ से आयोजित किया गया था. इसमें स्टूडेंट, युवा, किसान और सोशल वर्कर्स शामिल हुए. इन्होंने अपने हाथों में तिरंगा लिया हुआ था. इस प्रदर्शन को क्रांतिकारी युवा संगठन और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी समर्थन दिया. मार्च में दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए.

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए नारे भी लगाए. साथ ही मांग की कि एसआईआर पर रोक लगाई जा सके. इधर, सीपीआई एम के सीनियर नेता वृंदा करात, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक विमेंस एसोसिएशन और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य भी मौजूद रहे. यह मार्च डाक खाना के पास, कालीबाड़ी मार्ग और भाई वीर सिंह मार्ग चौराहे से शुरू होकर ईसी के मुख्यालय की ओर बढ़ा. इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो वो वहीं बैठक गए.

आयोजकों का कहना है कि एक जन संसद का आयोजन किया. एक्स पर आईसा ने कहा है कि प्रदर्शन शुरू हो गया है. हम अपना वोट देने का अधिकार और इसके लिए विरोध करने का अधिकार नहीं छोड़ेंगे. हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है. हम यह

(शेष पृष्ठ ९ पर)

ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे : अठावले

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देंगे. उन्होंने जयपुर में तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को विदेश में जाकर आंदोलन शुरू करना चाहिए. आंदोलन करने का सबको अधिकार है, लेकिन गलत विषय पर आंदोलन करने का कोई फायदा नहीं है. क्योंकि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा देंगे नहीं, क्योंकि उन्होंने गलतियां नहीं की है.



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के प्रमुख अठावले ने कहा कि विपक्ष की मांग के मुताबिक ही एसआईआर आया. चुनाव की व्यवस्था को ठीक करने के लिए एसआईआर था. विपक्ष का आंदोलन टाइमपास के लिए है. राहुल गांधी पर पीएम मोदी के बयान पर अठावले ने कहा कि राहुल गांधी को नेता बड़ा बनाने की कोशिश हो रही है. इसके लिए अच्छे काम करने की जरूरत है. राहुल गांधी इतने बड़े नहीं बनेंगे कि वो प्रधानमंत्री बनेंगे.

बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के नेता लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के साथ एसआईआर

(शेष पृष्ठ ९ पर)

11 साल में एक फूटी कौड़ी नहीं मिली : पीयूष

अमीर देशों को सुनायी खरी खोटी

बर्लिन (एजेंसी)। जलवायु परिवर्तन की समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है और इससे निपटने की कीमत कौन चुकाएगा? इस सवाल पर भारत ने एक बार फिर विकसित देशों को घेरा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में अमीर देशों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आर्थिक मदद देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदूषण फैलाने में विकसित देशों की बड़ी भूमिका रही है, तो अब जिम्मेदारी निभाने के वक्त वे पीछे क्यों हट रहे हैं? पीयूष गोयल

(शेष पृष्ठ ९ पर)

समर्पित सेवा के 30 वर्ष

करोड़ों भारतीयों की पहली पसन्द

तिरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू

यह खुशबू चल रही है, सबको साथ लेकर

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

From the house of TIRANGA Sacred DEDICATED TO GOD

सैकरेड यश नाम तथा गुण:



पं. नरेन्द्र शर्मा, (निदेशक तिरंगा अगरबत्ती)

खुशबू पास तो, खुशियाँ साथ...

व्यापारिक पूछताछ हेतु : 6389 004433

सैकरेड आग्रह : नकली एवं घटिया माल बनाने और बेचने वालों का बहिष्कार करें।

सरकारी स्कूलों में 6ठी कक्षा से अनिवार्य होगी कम्प्यूटर शिक्षा

- मॉडल स्कूलों में 31 मार्च के पहले तैयार होंगे स्मार्ट क्लास
- राजकीय संस्कृत विद्यालयों का होगा जीर्णोद्धार, नये भवन में स्थानांतरित होगा मदरसा बोर्ड
- प्रमंडल स्तर पर खुलने वाले गुरुकुलम विद्यापीठ का जल्द तैयार होगा खाका
- बापू सभागार में होगा बिहार दिवस का मुख्य समारोह शामिल होंगे कुमार विश्वास भी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सरकारी स्कूलों में अगले शैक्षिक सत्र से छठी कक्षा से कम्प्यूटर शिक्षा अनिवार्य होगी। सभी सात सौ मॉडल स्कूलों में 31 मार्च के पहले स्मार्ट क्लास तैयार हो जायेंगे। राजकीय संस्कृत विद्यालयों का जीर्णोद्धार होगा। मदरसा बोर्ड के कार्यालय को भी जल्द नये भवन में स्थानांतरित किया जायेगा। हर प्रमंडल में स्थापित होने वाले गुरुकुलम विद्यापीठ का खाका जल्द तैयार होगा। इस बार बिहार दिवस का मुख्य समारोह बापू सभागार में होगा। उसमें कुमार विश्वास को भी आमंत्रित किया जायेगा।



इससे संबंधित निर्देश शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी द्वारा शुक्रवार को समीक्षा बैठक में दिये गये हैं। शिक्षा विभाग के डॉ. मदन मोहन झा स्मृति सभागार में घंटों चली बैठक में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। अगले शैक्षणिक सत्र से छठी और उससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य करने की दिशा में काम चल रहा है। इससे पहले सभी शिक्षकों को एससीईआरटी में कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से कंप्यूटर शिक्षा दे सकें। अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी 700 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूलों) में 31 मार्च से पहले स्मार्ट क्लास का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। जिन आदर्श विद्यालयों में अब तक चारदीवारी नहीं बनी है, वहां

(शेष पृष्ठ ९ पर)

वंदे मातरम को राष्ट्रगान के बराबर दर्जा देने की मांग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बराबर दर्जा देने की मांग अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित जनहित याचिका को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की अपील की गई है। इस याचिका पर 27 अक्तूबर को सुनवाई हो सकती है। याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से दाखिल की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता अश्वनी दुबे ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसी तरह की एक याचिका पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट में चल रही याचिका को भी शीर्ष अदालत में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ कर सकती है। फिलहाल, याचिका में की गई मांगों पर अदालत का अंतिम फैसला नहीं आया है।

सुप्रीम कोर्ट में 27 को सुनवाई

जनहित याचिका में मांग की गई है कि वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के बराबर दर्जा और

(शेष पृष्ठ ९ पर)